# बिहार विधान परिषद

(198वां मानसून सत्र)

## 30 जुलाई 2021

----

**[शिक्षा - खान एवं भूतत्व - कला, संस्कृति एवं युवा विज्ञान एवं प्रावैधिकी ].**

**कुल प्रश्न 18**

----

### वेतनानुदान विमुक्त

***53 डा. संजीव कुमार सिंह (कोशी शिक्षक):**

क्या **शिक्षा** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या सरकार वित्त रहित शिक्षा नीति की समाप्ति के आज तेरह वर्ष बीत जाने के पश्चात् भी कोरोना महामारी जैसे विषम कालखण्ड में वेतनानुदानित शिक्षण संस्थानों के शिक्षाकर्मियों को उनके सुरक्षित जीवनयापन हेतु सभी बकाये शैक्षणिक सत्रों का वेतनानुदान विमुक्त करने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक?

----

### डिग्री कॉलेज खोलने का विचार

***54 मो. फारूक (विधान सभा):**

क्या **शिक्षा** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि शिवहर डिग्री कॉलेज के भवन निर्माण हेतु दो करोड़ की राशि आवंटित है, जिसमें कार्य प्रारंभ करने की तिथि 17 जून, 2020 को निर्धारित की गई एवं भवन निर्माण कार्य पूरा करने की अंतिम तिथि 16 नवंबर, 2021 निर्धारित है;

(ख) क्या यह सही है कि डिग्री कॉलेज के भवन निर्माण हेतु पिपराही प्रखंड के

हरकरवा गांव में भूमि चयनित किया गया है, जिसमें संपर्क पथ का अभाव एवं भूमि विवाद से भवन निर्माण कार्य शुरू नहीं हो पा रहा है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार शिवहर शहर स्थित नवाब हाई स्कूल के बगल में हाई स्कूल की ही जो तीन एकड़ जमीन पड़ी हुई है, उसमें डिग्री कॉलेज खोलने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## शिक्षकों का लंबित वेतनादि

*55 **प्रो. संजय कुमार सिंह (तिरहुत शिक्षक):**

क्या **शिक्षा** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-
क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि नगर पंचायत, जनकपुर रोड एवं बैरगनिया में विभिन्न माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालय में शिक्षकों का नियोजन वर्ष 2017 में किया गया;

(ख) क्या यह सही है कि वर्ष 2017 में नियोजित इन शिक्षकों का वेतन भुगतान आजतक नहीं हो पाया है;

(ग) क्या यह सही है जिला अपीलीय प्राधिकार द्वारा नियोजित शिक्षकों का वेतन भुगतान करने का आदेश भी दिया जा चुका है;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार यह बतलाएगी कि वर्ष 2017 में नियुक्त उक्त शिक्षकों का वेतन भुगतान आजतक नहीं किये जाने का क्या औचित्य है और क्या सरकार उक्त शिक्षकों के लंबित वेतनादि का भुगतान के साथ नियमित रूप से उन्हें वेतन का भुगतान करना चाहती है, यदि हां तो कबतक?

----

## 10 + 2 भवन का निर्माण

*56 **श्री खालिद अनवर (विधान सभा):**

क्या **शिक्षा** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-
क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला अन्तर्गत ढाका प्रखण्ड में 8 उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं घोड़ासहन प्रखण्ड में 7 उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हैं;

(ख) क्या यह सही है कि ढाका प्रखण्ड में 3 एवं घोड़ासहन प्रखण्ड में 2 उच्चतर विद्यालयों के पास ही भवन उपलब्ध हैं;

(ग) क्या यह सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला अंतर्गत सिकरहना अनुमंडल के उत्क्रमित उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, तेल्हाराकलां, उत्क्रमित उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, सामानपुर, उत्क्रमित उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, लौखान और उत्क्रमित उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, बगही भेलवा में 10 + 2 भवन का निर्माण नहीं होने से छात्र-छात्राओं को पढ़ने में व्यापक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार ढाका एवं घोड़ासहन प्रखण्ड के भवन निर्माण से वंचित 10 उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में कबतक 10 + 2 भवन निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों?

----

## मुआवजा कबतक

*57 **श्री केदार नाथ पाण्डेय (सारण शिक्षक ):**

क्या **शिक्षा** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-
क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि विशेष सचिव सह निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, बिहार के पत्रांक – 218, दिनांक – 04.05.2021 के आलोक में राज्य के सभी जिलों से शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मी कोविड-19 संक्रमित/मृत की सूचना विहित प्रपत्र में मांग की गई है;

(ख) क्या यह सही है कि कोविड-19 से संक्रमितों/मृतकों की सूची शिक्षा विभाग को प्रेषित किये जाने के बावजूद सरकार के नियमानुसार किसी भी प्रकार का कोई भी लाभ अबतक उनके परिवार को नहीं मिला है, फलत; उनमें क्षोभ एवं असंतोष व्याप्त है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार यह बताये कि वह कोविड-19 से संक्रमित/मृत शिक्षकों के आश्रितों को नियमानुसार 4 लाख मुआवजा एवं अन्य लाभ कबतक प्रदान करना चाहती है?

----

## भविष्य निधि खाता

***58 डा. वीरेन्द्र नारायण यादव (स्नातक सारण):**

क्या **शिक्षा** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि बिहार राज्य के विश्वविद्यालय शिक्षकों का भविष्य निधि (पीएफ) खाता राष्ट्रीयकृत बैंकों में प्राचार्य एवं संबंधित शिक्षकों के संयुक्त खाता के रूप में खोला जाता है तथा उक्त खाते का संचालन भी संयुक्त रूप से ही होता है;

(ख) क्या यह सही है कि खंड (क) में वर्णित बिहार राज्य के विश्वविद्यालय अधिनियम 1976 की धारा 71 (2) के अनुसार यह निधि भविष्य निधि अधिनियम 1925 (ऐक्ट नं० 19 ऑफ 1925) के अनुसार राज्य भविष्य निधि के रूप में अधिसूचित है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खंड (खंड) में वर्णित बिहार राज्य के विश्वविद्यालय अधिनियम 1976 की धारा 71 (2) के तहत शिक्षकों के भविष्य निधि खाते को भी राज्य सरकार के कर्मियों की तरह भविष्य निधि खाता घोषित करना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## राष्ट्रीय कार्यक्रम का आयोजन

***59 श्री रामचन्द्र पूर्वे (विधान सभा):**

क्या **विज्ञान एवं प्रावैधिकी** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
क्या मंत्री, विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि 10 से 17 आयु वर्ग के विद्यालय एवं विद्यालय से बाहर के बच्चों में वैज्ञानिक सोच एवं स्थानीय समस्या को लेकर शोध प्रवृत्ति जागृत करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस की स्थापना 1993 में की गई है, जिसका राष्ट्रीय आयोजन प्रतिवर्ष नियमित आवर्तन में राज्य की राजधानी में किया जाता है;

(ख) क्या यह सही है कि इस कांग्रेस के तहत बिहार राज्य में भी प्रतिवर्ष क्रम से विद्यालय, जिला एवं प्रदेश स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किये जाते हैं, जिसमें भारी संख्या में बच्चे नवाचारी संबंधित अपना परिणाम प्रस्तुत करते हैं और चयनित होने पर राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग करते हैं;

(ग) क्या यह सही है कि इस कांग्रेस का राष्ट्रीय कार्यक्रम अभी तक बिहार राज्य में आयोजित नहीं किया जा सका है, यदि हां तो इसका क्या कारण है और सरकार कबतक इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्यक्रम का आयोजन राज्य में करना चाहती है?

----

## रैंकिंग कार्य योजना

*60 **सर्वेश कुमार (स्नातक दरभंगा)**:

क्या **शिक्षा** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-
क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि मिथिला प्राचीन काल से ही ज्ञान की भूमि रही है, शंकराचार्य भी यहां शास्त्रार्थ में पराजित हुए हैं, बिहार उच्च शिक्षा का केन्द्र रहा है, नालंदा और विक्रमशिला सरीखे विश्वविद्यालय आज भी बिहार के लोगों में गौरव का एहसास कराते हैं;

(ख) क्या यह सही है कि टाइम्स हायर एजुकेशन (THE) एशिया यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2021 में शीर्ष 1000 सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालय में बिहार का एक भी विश्वविद्यालय नहीं है, वर्तमान शिक्षा व्यवस्था में बिहार के विश्वविद्यालयों की रैंकिंग अच्छी नहीं है और बिहार में उच्च शिक्षा की गुणवत्ता की दृष्टि से यह चिंता की स्थिति है, बिहार में उच्च शिक्षा की गुणवत्ता में बहुत सुधार की जरूरत है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार यह बतलाने की कृपा करेगी कि बिहार के विभिन विश्वविद्यालयों की अच्छी रैंकिंग हो, छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध हो, उसके लिए सरकार के पास क्या कार्य योजना है, विशेष कर के ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के सन्दर्भ में?

----

## भवन उपलब्ध करने पर विचार

*61 **श्री भीसम साहनी (विधान सभा)**:

क्या **शिक्षा** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-
क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि बिहार के सभी भवनहीन विद्यालयों को भवन उपलब्ध

कराने की योजना है;

(ख) क्या यह सही है कि पं चम्पारण के बगहा अनुमंडल में बगहा -1 प्रखंड में भूमिहीन विद्यालयों की संख्या अधिक है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार प्रखंड के भूमिहीन विद्यालयों को भवन उपलब्ध कराने पर विचार रखती है?

----

## महोत्सव का आयोजन कबतक

*62 **श्री संजय प्रकाश (विधान सभा):**

क्या **कला, संस्कृति एवं युवा** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि भोजपुरी कई प्रदेशों और देशों में बोली जाने वाली लोकप्रिय भाषा है;

(ख) क्या यह सही है कि भोजपुरी संस्कृति की अमिट छाप है, लेकिन कोई भोजपुरी महोत्सव नहीं कराया जाता है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो राज्य सरकार कबतक अंतर्राष्ट्रीय भोजपुरी महोत्सव का आयोजन कराना आरंभ कर सकेगी?

----

## पेंशन योजना प्रावधान

*63 **डा. संजीव कुमार सिंह (कोशी शिक्षक):**

क्या **शिक्षा** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि राज्य में दिनांक - 01-09-2005 से नई राष्ट्रीय पेंशन योजना (National Pension Scheme) की शुरुआत की गई है;

(ख) क्या यह भी सही है कि कोरोना संक्रमण जैसी महामारी के दौर में राज्य के सभी कोटि के शिक्षकों एवं शिक्षकेतरकर्मियों को भी उनकी सेवानिवृत्ति के पश्चात् सुरक्षित जीवनयापन हेतु राष्ट्रीय पेंशन योजना से आच्छादित किये जाने की अनिवार्यता होनी चाहिए;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार राजकोष से

वेतन अथवा वेतनानुदान प्राप्त करने वाले सभी कोटि के शिक्षकों एवं शिक्षकेतरकर्मियों के लिए उक्त पेंशन योजना का प्रावधान करना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## पुस्तकालयाध्यक्षों का वेतनमान

*64 **प्रो. संजय कुमार सिंह (तिरहुत शिक्षक):**

क्या **शिक्षा** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि वित्त विभाग के पत्रांक – 630, दिनांक – 21.01.2010 की अनुसूची II के द्वारा 5200-20200 के वेतनमान में 2400 ग्रेड-पे का प्रवेश वेतन 9910 एवं 2800 ग्रेड-पे का प्रवेश वेतन 11300 निर्धारित करने का निर्देश है;

(ख) क्या यह सही है कि नियोजित शिक्षकों को 9910 की बजाय 7600 एवं 11360 की बजाय 8000 का प्रवेश वेतन निर्धारित किया गया, जिससे माध्यमिक शिक्षकों के 2310 रुपये एवं उच्च माध्यमिक शिक्षकों के प्रवेश वेतन में 3360 रुपये का आर्थिक नुकसान हो गया;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार संकल्प संख्या – 1530, दिनांक – 01.07.2015 की तिथि से नियोजित माध्यमिक, उच्च माध्यमिक, पुस्तकालयाध्यक्षों का वेतनमान 9300-34800 में ग्रेड-पे क्रमशः 4600 एवं 4800 देने से विसंगति दूर करने का सरकार विचार करना चाहती है, यदि हां तो कबतक?

----

## 10 + 2 भवन का निर्माण

*65 **श्री खालिद अनवर (विधान सभा):**

क्या **शिक्षा** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला अंतर्गत घोड़ासहन प्रखंड के उत्क्रमित उच्च विद्यालय, घोड़ासहन बालक ढाका प्रखण्ड के उत्क्रमित उच्च विद्यालय करसहिया, उत्क्रमित उच्च विद्यालय, गहई, उत्क्रमित उच्च विद्यालय,

मलकौनिया में भवन निर्माण नहीं हुआ है जिस कारण पठन-पाठन में छात्र/छात्राओं को व्यापक परेशानी होती है;

(ख) यदि उपर्युक्त खण्ड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार वर्णित उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालयों में कबतक भवन निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों?

----

## नियुक्ति पत्र कबतक

*66 **श्री केदार नाथ पाण्डेय (सारण शिक्षक ):**

क्या **शिक्षा** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-
क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि बिहार बोर्ड द्वारा शारीरिक शिक्षा एवं स्वास्थ्य अनुदेशक योग्यता परीक्षा 16 दिसम्बर, 2019 को ली गई और 11 फरवरी, 2020 को परीक्षाफल घोषित हुए, किन्तु अबतक उन्हें नियुक्ति पत्र नहीं मिल पाया, फलतः उनमें क्षोभ एवं असंतोष व्याप्त है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त सफल अभ्यर्थी अपनी मांगों को लेकर दिनांक – 05 जुलाई, 2021 को पटना की सड़कों पर उतरे, लेकिन प्रशासन के द्वारा उन लोगों को बेरहमी से दौड़ा-दौड़ा कर लाठी से पीटा गया;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खंड 'क' एवं 'ख' में वर्णित परिस्थिति के आलोक में स्थिति सपष्ट करना चाहेगी?

----

## पूर्ण निर्माण कार्य कबतक

*67 **श्री रामचन्द्र पूर्वे (विधान सभा):**

क्या **कला, संस्कृति एवं युवा** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-
क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि पटना स्थित मोइनुलहक स्टेडियम को अन्तर्राष्ट्रीय स्तर का स्वरूप प्रदान करने हेतु उसके मुख्य भवन, दर्शक दीर्घा, स्कोर बोर्ड, पैवेलियन, खिलाडि़यों के ड्रेसिंग रूम आदि का पूर्ण निर्माण कार्य कोरोना के कहर के थमने के बाद भी प्रारम्भ नहीं किया गया है;

(ख) यदि उपर्युक्त खण्ड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार बतलाएगी कि खंड (क) में वर्णित पूर्ण निर्माण कार्य कबतक प्रारम्भ किया जायेगा और कबतक यह पूरा हो जायेगाभ्?

----

## विसंगति को दूर

***68 प्रो. संजय कुमार सिंह (तिरहुत शिक्षक):**

क्या **शिक्षा** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-
क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि सीतामढ़ी जिला के सुरसंड प्रखंड सहित राज्य के कई प्रखंड जो जिला परिषद् के अधीन थे उन्हें नगर पंचायत का दर्जा 2019 में ही दे दिया गया है;

(ख) क्या यह सही है कि नगर पंचायत के अन्तर्गत स्थित विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों एवं कर्मियों तथा सरकारी कर्मियों का वेतन भुगतान 0.6 प्रतिशत आवास भत्ता के साथ किया जा रहा है, जबकि वहीं उन्हीं विद्यालयों में कार्यरत माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक नियोजित शिक्षकों का वेतन भुगतान 0.4 प्रतिशत आवास भत्ता के साथ ही किया जा रहा है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खंड 'ख' में वर्णित आवास भत्ता के भुगतान में हो रही विसंगति को दूर करने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक?

----

## वेतन निर्धारण कबतक

***69 डा. वीरेन्द्र नारायण यादव (स्नातक सारण):**

क्या **शिक्षा** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-
क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि छपरा जिलान्तर्गत 2013-2015 सत्र में डी०एल०एड०/ ओ०डी०एल० से प्रशिक्षण प्राप्त प्राथमिक/माध्यमिक विद्यालय के शिक्षकों का वेतन निर्धारण नहीं किया गया है;

(ख) यदि उपर्युक्त खण्ड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार खंड

(क) में वर्णित विद्यालयों के प्रशिक्षण प्राप्त शिक्षकों का वेतन निर्धारण करना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## वेतन का भुगतान

*70 **श्री रामचन्द्र पूर्वे (विधान सभा):**

क्या **शिक्षा** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि वर्ष 2015 में सरकार द्वारा स्वीकृति प्रदान करने के उपरांत सीतामढ़ी के 64 मदरसा अनुदान की श्रेणी में हैं, जिनके शिक्षकों का वेतन भुगतान अनुदान की राशि से किया जाता है;

(ख) क्या यह सही है कि अप्रैल 2020 को इन शिक्षकों के वेतन भुगतान पर रोक के साथ सचिव मदरसा बोर्ड द्वारा सीतामढ़ी के जिला शिक्षाधिकारी से इन मदरसों की स्थलीय जांच कराने का आदेश दिया गया;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर 16 मार्च 2021 को मदरसा शिक्षा बोर्ड द्वारा शिक्षकों के वेतन भुगतान का आदेश दिया गया, यदि हां तो अबतक शिक्षकों का वेतन भुगतान नहीं होने का क्या औचित्य है और सरकार कबतक इन शिक्षकों का वेतन भुगतान नियमित रूप से करेगी?

----